

तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति व कुलसचिव।

# एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा एवं अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

गोहाना, 12 अगस्त (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा एवं अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने एन एस एस वॉलेंटियर्स को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया।कुलपति ने तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्राओं से देश की तरक्की में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।तिरंगा यात्रा में इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग , विधि विभाग एवं कन्या गुरुकुल की सभी यूनिट्स के वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा विश्वविद्यालय परिसर तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों एवं भारत माता की जय के जयघोष के गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो श्वेता सिंह , डॉ सुषमा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता तथा एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ नीतिका, डॉ परविंदर, डॉ शीला, डॉ प्रीति एवं डॉ. धीरज उपस्थित रहे।

# प्रो.नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने के लिए किया प्रेरित

गोहाना, 12 अगस्त (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में आज एंटी-रैगिंग दिवस मनाया गया जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ भूपेंदर ने बताया कि जिसका उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और यूजीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण परिसर को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन विभाग की छात्राओं चंचल और छवि गौड़ द्वारा किया गया । छात्राओं से संवाद करते हुए प्रो. सुनील सांगवान ने रैगिंग को 'ना' कहने और सभी छात्राओं के लिए सकारात्मक माहौल बनाने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए.प्रो. विजय नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने और किसी भी ऐसे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो बुलिंग या रैगिंग का सामना कर रहा हो। डॉ. शीला मलिक ने भी छात्राओं को संबोधित किया।डॉ भूपेंदर ने बताया कि छात्राओं ने निबंध लेखन, स्लोगन लेखन और पोस्टर के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ सशक्त संदेश दिए। अंत में सभी ने एंटी-रैगिंग शपथ ली। एमएससी. रसायन विज्ञान प्रथम और अंतिम वर्ष के छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



एंटी-रैगिंग शपथ लेते प्राध्यापक व छात्राएं।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय खानपुर मे मनाया गया एंटी-रैगिंग दिवस



**पल पल न्यूज: खानपुर कलां /गोहाना, 12 अगस्त (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के रसायन विज्ञान विभाग में आज एंटी-रैगिंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ भूपेंदर ने बताया कि जिसका उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और यूजीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण परिसर को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन विभाग की छात्राओं चंचल और छवि गौड़ ने किया। छात्राओं से संवाद करते हुए प्रो. सुनील सांगवान ने रैगिंग को ना कहने और सभी छात्राओं के लिए सकारात्मक माहौल बनाने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. विजय नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने और किसी भी ऐसे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो बुलिंग या रैगिंग का सामना कर रहा हो। इसके बाद भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शीला मलिक ने भी छात्राओं को संबोधित किया। डॉ भूपेंदर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने निबंध लेखन, स्लोगन लेखन और पोस्टर के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ सशक्त संदेश दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एंटी-रैगिंग शपथ ली, जिसमें परिसर को रैगिंग-मुक्त रखने और जरूरतमंद को सहायता प्रदान करने का वादा किया गया। एमएससी. रसायन विज्ञान प्रथम और अंतिम वर्ष के छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महिला विश्वविद्यालय में दिलाई गई एंटी रैगिंग शपथ



गोहाना मुद्रिका, 12 अगस्त : मंगलवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में एंटी-रैगिंग दिवस मनाया गया। अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और यू.जी.सी. द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण परिसर को बढ़ावा देना रहा। संचालन छात्रा चंचल और छवि गौड़ ने किया। प्रो. सुनील सांगवान ने छात्राओं से कहा कि रैगिंग को ना कहें और सकारात्मक माहौल बनाएं। प्रो. विजय नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने और किसी भी ऐसे दूसरे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो बुलिंग या रैगिंग का सामना कर रहा हो।भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डा. शीला मलिक ने भी छात्राओं को संबोधित किया। छात्राओं ने निबंध लेखन, स्लोगन लेखन और पोस्टर के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ सशक्त संदेश दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एंटी रैगिंग शपथ ली, जिसमें परिसर को रैगिंग मुक्त रखने और जरूरतमंद को सहायता प्रदान करने का वादा किया गया।

# देश की आन, बान और शान है तिरंगा : प्रो. सुदेश



गोहाना मुद्रिका, 12 अगस्त : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एन.एस.एस. इकाई द्वारा "हर घर तिरंगा यात्रा" एवं "अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस" का आयोजन किया गया। महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने एन.एस.एस. वॉलंटियर्स को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर "हर घर तिरंगा" रैली का शुभारंभ किया।

वी.सी. ने तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए।" साथ ही उन्होंने छात्राओं से देश की तरक्की में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

तिरंगा यात्रा में इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निं , विधि विभाग एवं कन्या गुरुकुल की सभी यूनिट्स के वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा विश्वविद्यालय परिसर तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों एवं "भारत माता की जय" के जयघोष के गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो श्वेता सिंह, डॉ. सुषमा जोशी, एन.एस.एस. कर कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता तथा प्रोग्राम ऑफिसर डॉ नीतिका, डॉ. परविंद्र, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति एवं डॉ. धीरज उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
WED, 13 AUGUST 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 3

# महिला विश्वविद्यालय में दिलाई एंटी रैगिंग शपथ

गोहाना, 12 अगस्त (अरोड़ा): मंगलवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में एंटी-रैगिंग दिवस मनाया गया। अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों बारे जागरूकता फैलाना और यू.जी.सी. द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण परिसर को बढ़ावा देना रहा। संचालन छात्रा चंचल और छवि गौड़ ने किया।



एंटी रैगिंग की शपथ दिलाते हुए प्राध्यापक। (अरोड़ा)

प्रो. सुनील सांगवान ने कहा कि रैगिंग को न कहें और सकारात्मक माहौल बनाएं। प्रो. विजय नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने और किसी भी ऐसे दूसरे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो बुलिंग या रैगिंग का सामना कर रहा हो।

भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शीला मलिक ने भी छात्राओं को संबोधित किया। छात्राओं ने निबंध लेखन, स्लोगन लेखन और पोस्टर के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ सशक्त संदेश दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एंटी रैगिंग शपथ ली, जिसमें परिसर को रैगिंग मुक्त रखने और जरूरतमंद को सहायता प्रदान करने का वादा किया गया।

पंजाब केसरी
WED, 13 AUGUST 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 2

# देश की आन, बान और शान है तिरंगा : प्रो. सुदेश

गोहाना, 12 अगस्त (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एन.एस.एस. इकाई द्वारा 'हर घर तिरंगा यात्रा' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस' का आयोजन किया गया।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने एन.एस.एस. वॉलंटियर्स को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर 'हर घर तिरंगा' रैली का शुभारंभ किया।वी.सी. ने तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है।हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। तिरंगा यात्रा में इंस्टिच्यूट ऑफ हायर लर्निंग, विधि विभाग एवं कन्या गुरुकुल की सभी यूनिट्स के वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा विश्वविद्यालय परिसर तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों एवं 'भारत माता की जय' के जयघोष से गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा में महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. सुषमा जोशी, एन.एस.एस. को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता तथा प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नीतिका, डॉ. प्रीति एवं डॉ. धीरज उपस्थित रहे।



रैली को हरी झंडी दिखाते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)

# बीपीएस महिला विवि की छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि में मंगलवार को छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग, विधि विभाग व कन्या गुरुकुल की सभी यूनिटों के वालंटियरों ने विवि परिसर में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा के दौरान परिसर देशभक्ति के नारों एवं भारत माता की जय के जयघोष से गूंज उठा। इस यात्रा का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। उन्होंने एनएसएस वालंटियर को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलाई। इसके बाद तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं से देश की तरक्की में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. सुषमा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नीतिका, डॉ. परविंद्र, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति, डॉ. धीरज आदि मौजूद रहे

# सेना व बलिदानियों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

जासं., गोहाना : मंगलवार को सेना व बलिदानियों के सम्मान में बरोदा हलका के गांव रिंढाना और महमूदपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक एवं बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी-प्रदीप सांगवान यात्रा भी यात्रा में शामिल हुए। मलिक ने कहा कि बलिदानी हमारे देश की शान है। देश के लोगों को जवानों की कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिए। प्रदीप सांगवान ने कहा कि जब भी पाकिस्तान ने भारत में आतंकी हमले का दुस्साहस किया, हमारी सेना ने पाकिस्तान को घुटनों के बल लाने का काम किया। यात्रा में जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, कथूरा मंडल अध्यक्ष अशोक सेन, डा. राममेहर राठी, महंत सीता राम, ओमवीर शर्मा, मुंडलाना मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल, तकदीर नरवाल, सूरत सिंह, सरपंच सतपाल मान रहे।

नारा लेखन प्रतियोगिता में अमन प्रथम : मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में हर घर तिरंगा अभियान के तह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक गतिविधि समिति व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नारा लेखन प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष का अमन प्रथम, बीए तृतीय वर्ष का मोनू द्वितीय व बीए द्वितीय वर्ष का हिमांशु तृतीय रहा।

प्राचार्य डा. अनिल कुमार ने कहा कि जिस देश के साथ उसके नागरिक सच्ची भावना के साथ खड़े रहते हैं वही देश सशक्त एवं शक्तिशाली बनता है।



महिला विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सुदेश तिरंगा यात्रा को रवाना करती हुई •

## सदैव राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करें : प्रो. सुदेश

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने यात्रा को रवाना किया। कुलपति ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। तिरंगा यात्रा में इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग, विधि विभाग एवं कन्या गुरुकुल की स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों एवं भारत माता के जयघोष के गूंज उठा। यात्रा में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डा. सुषमा, एनएसएस की समन्वयक डा. बबीता, कार्यक्रम अधिकारी डा. नीतिका शामिल रहीं।

# रैगिंग को कहें न; एक-दूसरे का करें सम्मान



विश्वविद्यालय में छात्राएं और प्राध्यापक एंटी रैगिंग की शपथ लेते हुए ● सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : मंगलवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में एंटी-रैगिंग दिवस मनाया गया। अध्यक्ष डा. भूपेंद्र ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और यूजीसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण परिसर को बढ़ावा देना रहा। प्रो. विजय नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने और किसी भी ऐसे दूसरे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो बुलिंग या रैगिंग का सामना कर रहा हो। भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डा. शीला मलिक ने भी छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एंटी रैगिंग शपथ ली।

हर घर तिरंगा यात्रा व अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक : प्रो. सुदेश

**कुलपति ने एनएसएस वॉलेंटियर्स को विश्व युवा दिवस की शपथ दिलाई और हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया**



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां की छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने एन एस एस वॉलेंटियर्स को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया।

प्रो. सुदेश ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। तिरंगा यात्रा में इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग, विधि विभाग एवं कन्या गुरुकुल की सभी यूनिट्स के वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा विवि परिसर देशभक्ति के नारों एवं भारत माता के जयघोष के गूंज उठा। यात्रा में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. सुषमा, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतिका, डॉ. परविंदर, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति एवं डॉ. धीरज उपस्थित रहे।

# STUDENTS QUALIFY NET

**Sonepat:** As many as 37 students of Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (BPSMV) have qualified the UGC NET/JRF examination, conducted in June 2025. A special felicitation ceremony was organised on the university campus to honour students who qualified NET, including the eight who bagged Junior Research Fellowships (JRFs). The award ceremony — presided over by Vice-Chancellor Sudesh and organised by Internal Quality Cell Director Ashok Verma — highlighted the university''s commitment to academic excellence and research-oriented education. Addressing the gathering, the VC said the achievement represented not just individual accomplishment but also institutional pride. She stressed the importance of research engagement, saying students' intellectual growth was fundamentally enhanced through active participation in research activities.

# छात्राओं को दिलाई एंटी-रैगिंग शपथ



**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि के रसायन विज्ञान विभाग में मंगलवार एंटी-रैगिंग दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राध्यापकों ने छात्राओं को एंटी-रैगिंग की शपथ दिलाई, जिसमें परिसर को रैगिंग मुक्त रखने और जरूरतमंद को सहायता प्रदान करने का वादा किया गया। डॉ. भूपेंद्र के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और यूजीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण परिसर को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने निबंध, स्लोगन लेखन और पोस्टर के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ सशक्त संदेश दिए। इसके बाद प्रो. सुनील सांगवान ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने रैगिंग को ना कहने और सभी छात्राओं के लिए सकारात्मक माहौल बनाने के महत्व पर चर्चा की। वहीं प्रो. विजय नेहरा ने छात्राओं को एक-दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने और किसी भी ऐसे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो बुलिंग या रैगिंग का सामना कर रहा हो। इस मौके पर भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शीला मलिक के अलावा चंचल और छवि गौड़ भी मौजूद रहीं।